# 16 राजस्थान में 1857 की क्रांति

1. आउवा के ठाकुर कुशाल सिंह द्वारा अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण करने के बाद जाँच हेतु गठित किया गया कौनसा आयोग था।
(1) मेजर बर्टन आयोग (2) विलियम बैंटिक आयोग
(3) लॉरेन्स आयोग (4) मेजर टेलर आयोग

2. राजस्थान का कौनसा क्रांतिकारी 'राजस्थान का मंगल पांडे' कहलाता है?
(1) ठाकुर कुशाल सिंह चंपावत (2) हेमु कालानी
(3) प्रतापसिंह बारहठ (4) अमरचंद बाठिया

3. नीमच छावनी के सैनिकों ने विद्रोह के बाद दिल्ली जाते समय किस अन्य छावनी में पहुँचकर वहाँ भी विद्रोह किया?
(1) नसीराबाद (2) देवली
(3) खेरवाड़ा (4) ब्यावर

4. 1857 की क्रांति के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री थे?
(1) विन्स्टन चर्चिल (2) जार्ज पामर्स्टन
(3) क्लिमेन्ट रिचर्ड एटली (4) बेन्जामिन डिजरेली

5. तांत्या टोपे ने पहली बार राजस्थान में कब प्रवेश किया था?
(1) सितम्बर 1857 (2) अगस्त 1857
(3) जनवरी 1858 (4) मई 1857

6. नसीराबाद में विद्रोह प्रारम्भ करने वाली सैनिक टुकड़ी थी?
(1) 15 वी बंगाल नेटिव इन्फेन्ट्री
(2) 30 वी बंगाल नेटिव इन्फेन्ट्री
(3) बम्बई लान्सर्स
(4) मेरवाड़ा रेजिमेन्ट

7. 18 सितम्बर, 1857 को ठाकुर कुशाल सिंह चम्पावत के नेतृत्व में जोधपुर के किस पॉलिटिकल एजेन्ट को मारकर आउवा के किले के दरवाजे पर लटका दिया था?
(1) सर पैट्रिक लॉरेन्स (2) मोकमेसन
(3) विलियम जोन्स (4) कर्नल होम्स

8. निम्नलिखित में से कौनसा स्थान राजस्थान में 1857 की क्रांति का केन्द्र नहीं था?
(1) नसीराबाद (2) नीमच
(3) आउवा (4) जयपुर

9. 'अंग्रेजों ने अपनी शपथ भंग की, क्या उन्होंने अवध पर अधिकार नहीं किया। अतः उन्हें ये अपेक्षा नहीं करनी चाहिए कि भारतीय अपनी शपथ का अनुपालन करेंगे।' 1857 ईस्वी की क्रान्ति के संदर्भ में यह कथन किसने कहा?
(1) मोहम्मद अली बेग (2) लाला जयदयाल
(3) महराब खाँ (4) शिवनाथ सिंह

10. 1857 की क्रान्ति के समय नीमच छावनी का सुपरिडेंट कौन था?
(1) मेजर शॉवर्स (2) कप्तान लायर्ड
(3) कॉटम (4) मेजर बर्टन

11. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| छावनी | तैनात टुकड़ी |
|---|---|
| A. नसीराबाद | i. बंगाल नैटिव इन्फेंट्री |
| B. खैरवाड़ा | ii. फर्स्ट बंगाल केवेलरी |
| C. एरिनपुरा | iii. मेवाड़ भील कोर |
| D. नीमच | iv. जोधपुर लीजन |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | i | iii | iv | ii |

12. राजस्थान में 1857 की क्रान्ति के प्रमुख कारण कौनसे थे?
(1) राजपूताना के शासकों के साथ सहायक संधियों के बाद अंग्रेजों ने देशी रियासतों के प्रशासन व आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना प्रारंभ कर दिया
(2) अंग्रेजों के हस्तक्षेप से राज्यों की आय कम हो गई इसलिए शासकों को अपने खर्चो में कटौती करनी पड़ी
(3) राज्यों के साथ संधियाँ कर नमक व अफीम पर एकाधिकार करना
(4) उपर्युक्त सभी कथन शामिल है।

13. 1857 की क्रान्ति के बारे में कौनसा कथन सत्य नहीं है?
(1) इस समय राजस्थान में अंग्रेजी सत्ता का केन्द्र व प्रतीक अजमेर था, अजमेर में गोला-बारूद तथा शस्त्रागार था।
(2) जयपुर एकमात्र रियासत थी जिसमें राजा के साथ वहाँ की आम जनता ने भी अंग्रेजों का साथ दिया था।
(3) विद्रोह के समय राजस्थान में स्थित 6 छावनियों में से सबसे शक्तिशाली छावनी 'एरिनपुरा' थी
(4) इस समय राजस्थान में सरकारी खजाना व अन्य राजकीय संपत्ति अजमेर में थी।

14. राजस्थान का दूसरा भामाशाह जिन्होंने रानी लक्ष्मी बाई व तांत्या टोपे को धन देकर मदद की थी, का नाम है?
(1) लोठराम जाट (2) अमरचंद बांठिया
(3) ताराचंद (4) ठाकुर हरनाथ सिंह

15. 1857 ईस्वी के समय बाँसवाड़ा व डूँगरपुर के शासक क्रमशः कौन थे?
(1) महारावल लक्ष्मण सिंह व महारावल उदयसिंह
(2) महारावल रणजीत सिंह व महाराव रामसिंह
(3) महारावल उदयसिंह व महारावल लक्ष्मण सिंह
(4) महारावल रामसिंह द्वितीय व महाराजा मदनपाल

16. अलवर के किस महाराजा ने आगरा दुर्ग में कैद अंग्रेजों व उनके परिवारों को छुड़ाने के लिए अपनी सेना सहित गए, परंतु रास्ते में ही विद्रोहियों ने इन्हें हराकर खजाना लूट ले गए थे?
(1) महाराजा विनय सिंह (2) महाराजा भगवंत सिंह
(3) महाराजा शिवसिंह (4) महाराजा अभय सिंह

17. 1857 ईस्वी की क्रान्ति के समय किस शासक ने सेना का नेतृत्व स्वयं किया था?
(1) महाराजा तख्त सिंह– जोधपुर
(2) महाराजा सरदार सिंह– बीकानेर
(3) महारावल रणजीत सिंह– जैसलमेर
(4) महारावल रामसिंह द्वितीय– कोटा

18. लॉर्ड डलहौजी की 'हड़प' नीति के अनुसार झांसी को ब्रिटिश साम्राज्य का अंग कब बनाया गया?
(1) 1848 (2) 1853
(3) 1854 (4) 1849

19. 1857 की क्रान्ति के विद्रोह के बाद किस रियासत की तोपों की सलामी कम कर दी गई थी?
(1) टोंक (2) धौलपुर
(3) कोटा (4) भरतपुर

20. 1857 की क्रान्ति के समय सिरोही रियासत का पॉलिटिकल एजेंट कौन था?
(1) मॉरिसन (2) मेजर बर्टन
(3) कर्नल ईडन (4) जे.डी. हॉल

21. 1857 की क्रान्ति के समय भरतपुर रियासत का पॉलिटिकल एजेंट कौन था?
(1) जे.डी. हॉल (2) मॉरीसन
(3) शॉवर्स (4) मैक मेसन

22. नसीराबाद छावनी के बारे में कौनसा कथन सत्य हैं–
(1) क्रान्ति के समय नसीराबाद में 15वीं व 30वीं बंगाल नेटिव इन्फेन्ट्री, भारतीय तोप खाने की टुकड़ी तथा फर्स्ट बम्बई लांसर्स के सैनिक विद्यमान थे।
(2) क्रान्तिकारी सैनिकों ने अंग्रेज अधिकारियों की हत्या कर नसीराबाद छावनी तथा बाजार को लूटकर 18 जून को दिल्ली पहुँचे।
(3) भारतीय सैनिकों पर नियंत्रण रखने के लिए डीसा से यूरोपियन सेना और कुछ तोपे मंगवाई गई। इस तथ्य को गुप्त रखा गया था।
(4) यहाँ मेजर शॉवर्स ने बागी सैनिकों को बंदी बनाने का आदेश दिया।
(A) 1, 2, 4 (B) 2, 3,4
(C) 1, 2, 3, (D) 1, 2, 3, 4

23. 1857 की क्रान्ति के असफलता के प्रमुख कारण कौन–कौन से थे–
(1) राजस्थान की रियासतों में संगठन और एकता का अभाव था।
(2) क्रान्तिकारी नसीराबाद से सीधे दिल्ली न जाकर अजमेर पर आक्रमण करते तो शायद क्रान्ति का स्वरूप कुछ और ही होता।
(3) राजस्थान के विद्रोहियों में आपसी एकता और संपर्क का अभाव था।
(4) मारवाड़, मेवाड़ और जयपुर के राजाओं ने तांत्या टोपे का सहयोग नहीं किया।
(A) 1, 2, 4 (B) 2, 3,4
(C) 1, 2, 3, (D) 1, 2, 3, 4

24. जोधपुर लीजन के क्रांतिकारी सैनिकों को किसके द्वारा नेतृत्व प्रदान किया गया था?
(1) लाम्बिया के जागीरदार कड़क सिंह
(2) जोधपुर के ठाकुर अनार सिंह
(3) आऊवा के ठाकुर खुशाल सिंह
(4) गुल्लर के ठाकुर बिशनसिंह

25. मीर आलम खाँ व उनके परिवार द्वारा भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के समय राजस्थान के किस राज्य में विद्रोह में अग्रणी भूमिका निभाई थी?
(1) अजमेर (2) कोटा
(3) टोंक (4) धौलपुर

26. दिसम्बर 1857 को तांत्या टोपे ने पुनः राजस्थान में आकर किस रियासत पर क्रान्तिकारियों का अधिकार करवाया?
(1) बाँसवाड़ा (2) मेवाड़
(3) डूँगरपुर (4) प्रतापगढ़

27. किस आयोग की सिफारिश पर ठाकुर खुशाल सिंह को रिहा किया गया?
(1) आऊवा आयोग (2) मेजर टेलर आयोग
(3) ट्रेंच आयोग (4) मेजर बर्टन आयोग

28. भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में जो भोजन सामग्री क्रान्तिकारी संदेश के साथ गाँवों में वितरित की जाती थी, वह थी?
(1) पूड़ी (2) चपाती
(3) ब्रेड (4) पराठा

29. तांत्या टोपे किस एक रियासत को छोड़कर बाकि प्रत्येक रियासतों में घूमा था?
(1) बांसवाड़ा (2) भीलवाड़ा
(3) जैसलमेर (4) टोंक

30. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| स्थान | प्रमुख क्रान्तिकारी |
|---|---|
| A. धौलपुर | i. रामचन्द्र व हीरालाल |
| B. टोंक | ii. गुर्जर व मेव |
| C. भरतपुर | iii. मीर आलम खाँ |
| D. कोटा | iv. मेहराब खाँ |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | iv | i | ii | iii |
| (4) | i | iii | ii | iv |

31. किस अंग्रेज अधिकारी ने केसरीसिंह की ब्रिटिश विरोधी गतिविधियों को देखकर मेवाड़ महाराणा को उसके खिलाफ कारवाई करने के लिए कहा, परन्तु महाराणा उसके खिलाफ करवाई करने का साहस नहीं जुटा सका?
(1) कैप्टन शावर्स (2) पैट्रिक लारेन्स
(3) मैकमेसन (4) मोरिसन

32. 1857 ई. की क्रान्ति के दौरान 'राजस्थान का एकमात्र सुनियोजित संघर्ष' किस राज्य में हुआ?
(1) मेवाड़ (2) भरतपुर
(3) कोटा (4) जोधपुर

33. जोधपुर लीजन में सुबेदार के पद पर कार्यरत ........... ने 21 अगस्त, 1857 को माउण्ट आबू में अंग्रेज अधिकारियों पर आक्रमण कर माउण्ट आबू पर अधिकार कर लिया था।
(1) जियालाल (2) तारचन्द
(3) गोजन सिंह (4) गुल मोहम्मद

34. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| स्थान | क्रान्तिकारी |
|---|---|
| A. धौलपुर | i. रामचन्द्र व हीरालाल |
| B. टोंक | ii. मामू भांजे |
| C. झालावाड़ | iii. नासिर मोहम्मद खाँ |
| D. जोधपुर | iv. ठाकुर हरनाथ सिंह |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | iv | i | ii | iii |
| (4) | i | iii | ii | iv |

35. ''अर ये राजा लोग देशपति जर्मी का ठाकर छै, जे सारा ही हिमालय का गल्या ही नीसराया।'' कविता निम्न में से किस कवि द्वारा रचित है।
(1) बांकीदास (2) सूर्यमल्ल मिश्रण
(3) माणिक्यलाल वर्मा (4) रांगेय राघव

36. निम्नलिखित कथनों में से सत्य कथन हैं–
(1) मीर आलम खाँ टोंक के नवाब वजीर खाँ के मामा थे।
(2) रोशन बेग 1858 में मेजर जनरल रॉबर्ट्स की सेना से लड़ते हुए मारे गए।
(3) सुजा कँवर राजपुरोहित का संबंध बीकानेर से है।
(4) हरदयाल भटनागर का जन्म कोटा राज्य में हुआ था।
सही विकल्प का चयन करें–
(A) 1, 3, 4 (B) 1 व 2
(C) 1 व 3 (D) उपर्युक्त सभी

37. लोठराम जाट के बारे में निम्नलिखित में असत्य कथन नहीं है?
(1) लोठराम निठारवाल का जन्म रींगस सीकर में हुआ था।
(2) लोठराम ने जवाहरजी, बालू नाई, सांखू लुहार व करणा मीणा के साथ मिलकर डूँगरजी को आगरा के किले से रिहा करवाया।
(3) इनकी रींगस के ठाकुर से अनबन होने के बाद अपनी बहन के पास बठोठ में आ गए।
(4) इनकी मृत्यु 1855 में हो गई थी।
(A) 1, 3, 4 (B) 1 व 2
(C) 1 व 3 (D) उपर्युक्त सभी

38. मंडावा के ठाकुर ......... ने कुछ समय के लिए तांत्या टोपे को मंडावा में शरण दी तथा धन, रसद सामग्री देकर सहायता की।
(1) ठाकुर बहादुर सिंह (2) आनन्द सिंह
(3) ठाकुरहरनाथ सिंह (4) भैंरोसिंह जोधा

39. निम्न में से कौन 1857 की क्रान्ति के समय आऊवा के युद्ध में लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुआ?
(1) भैरोंसिह जोधा (2) सुजा कँवर राजपुरोहित
(3) मीर आलम खाँ (4) रोशन बेग

40. अक्टूबर, 1857 में किस व्यक्ति ने ब्रिटिश पॉलिटिकल एजेन्ट के घर पर किए आक्रमण में सक्रिय भूमिका निभाई थी?
(1) मेहराब खाँ (2) गुल मोहम्मद
(3) खवास खान उर्फ एवाज खाँ (4) गोजन सिंह

Learn Read and Achieve
Dhindhwal Publication